राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने वीर बालकों के शौर्य और बलिदान को याद करते उन्हें नमन किया

राज्यपाल श्री बागडे ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका

जयपुर 26 दिसम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे गुरुवार सायं राजा पार्क स्थित गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने वहां मत्था टेका और गुरु वाणी का श्रवण किया।

श्री बागडे ने श्वीर बालक दिवसश् पर दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों के बलिदान को भी याद किया और कहा कि भारतीय संस्कृति में यह वीरता और शौर्य की अनूठी मिसाल है। । उन्होंने कहा कि यह दिवस उनके शौर्य और त्याग के स्मरण का है।

राज्यपाल ने भारत की शौर्य परंपरा के पर्याय गुरु गोविंद सिंह जी एवं उनके चारों साहिबजादों को नमन करते हुए गुरुद्वारा साहिब में उन्हें श्रद्धा निवेदित की।

....